
# Chapter -1

## एक्सेल 2013 क्या हैं और इसकी विशेषताएं

### एक्सेल 2013 क्या हैं (What is Excel 2013)

एक्सेल एक ऐसा प्रोग्राम है जो जानकारी को स्टोर, व्यवस्थित और विश्लेषण करने की अनुमति देता है। एक्सेल विभिन्न प्रकार के डेटा के साथ काम करना आसान बनाता है। माइक्रोसॉफ्ट ने 30 सितंबर 1985 को Macintosh के लिए Excel का पहला वर्जन जारी किया था इसके बाद MS Excel के कई वर्जन बाजार में लांच किये गए सभी वर्जन की अपनी अपनी अलग अलग विशेषताये हैं| ऍम एस एक्सेल माइक्रोसॉफ्ट का एक स्प्रेडशीट प्रोग्राम हैं इस प्रोग्राम का प्रयोग सबसे ज्यादा उस जगह किया जाता हैं जहाँ पर कैलकुलेशन की आवश्यकता अधिक होती हैं गणना करने के लिए यह बहुत ही तेज और सरल प्रोग्राम हैं इसमें टेबल बनाना, रिजल्ट शीट बनाना, गणना करना, पाइवोट टेबल बनाना, चार्ट बनाना आदि कार्य किये जा सकता हैं| स्प्रेडशीट में फॉर्मेटिंग करने के लिए कई टूल्स होते हैं। जिनकी मदद से आप आसानी से अपना कार्य कर सकते है|

एक्सेल में डाटा को वर्कशीट में स्टोर किया जाता है। वर्कशीट कई सेल्स का समूह होती है जिन्हें पंक्तियों (Rows) तथा कॉलमों (Columns) में व्यवस्थित किया जाता है। पंक्तियों और कॉलमों से मिलकर सैल (Cell) बनते हैं। इसमें प्रत्येक सेल का एक address होता है। जिसे सेल एड्रेस कहा जाता है। यह एड्रेस कॉलम और पंक्तियों के नाम से मिलकर बना होता है। जैसे A1, B10 आदि। स्प्रैडशीट में पंक्तियों को संख्याओं जैसे – 1,2,3,4,5,6………. से व कॉलमों को अक्षरों जैसे- A, B, C, D, E…… आदि से पहचाना जाता है। स्प्रैडशीट को वर्कशीट (Worksheet) भी कहते हैं। एक वर्कसीट में 1,048,576 पंक्तियाँ और 16,384 कॉलम होते है। इसमें कुल सेल की संख्या निम्न होती है। 1,048,576*16,384 एक वर्कवुक में 255 वर्कसीट होती है। इसमें जो फाईल बनती है। उसका extension नाम .xlsx होता है।





**एमएस एक्सेल का उपयोग क्यों करें (Why use MS Excel)**

आज के समय में MS Excel का उपयोग दुनियाँ के हर कंप्यूटर पर किया जा रहा है प्रत्येक सरकार अपने कार्य विभाग से सम्बंधित कार्य MS Excel के माध्यम से कर रही है आज के समय में हर कैलकुलेशन के क्षेत्र में MS Excel का उपयोग भारी मात्रा में किया जा रहा है, क्योकि इसके माध्यम से बड़ी से बड़ी कैलकुलेशन आसानी से कुछ ही समय में पूर्ण हो जाती है कार्य करने में बिल्कुल भी समय नहीं लगता है।

**एमएस एक्सेल की विशेषताएं (Features of MS Excel 2013)**

**1. A New Look for Excel**

जब आप Excel 2013 खोलेगे तो आपको एक blank Workbook के बजाय स्टार्टअप स्क्रीन दिखाई देगी| left pane में, आपको अपने recent Document के साथ-साथ अतिरिक्त फ़ाइलों को खोलने का विकल्प दिखाई देगा। right pane में, आप कैलेंडर, सूची, और कई अन्य टेम्पलेट्स चुन सकते हैं, साथ ही लाइब्रेरी से ऑनलाइन टेम्पलेट्स सर्च कर सकते हैं।





## 2. Flash Fill

एक्सेल में एक नई सुविधा को जोड़ा गया है जिसका नाम है Flash Fill| एक्सेल में ऑटोफ़िल सुविधा का प्रयोग करके आप अपने समय को बचा सकते है, क्योंकि जैसे ही Flash Fill आपके डेटा में एक पैटर्न का पता लगाता है, वैसे ही यह आपकी शेष जानकारी को एक साथ फिल कर देता है। fill handle की तरह, फ्लैश फिल अनुमान लगा सकता है कि आप अपनी वर्कशीट में किस प्रकार की जानकारी दर्ज कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, आपके पास First name और last name की कांटेक्ट लिस्ट है। एक्सेल के पुराने वर्जन में आपको पहले नाम को दूसरे कॉलम से अलग करने के लिए एक सूत्र लगाना पड़ता हैं परन्तु MS Excel 2013 में Flash Fill से आप यह काम आसानी से कर सकते है|

| G | H |
|---|---|
| Supervisor | Last Name |
| Broccoli, Betty | Broccoli |
| Grape, Gina | Grape |
| Cilantro, Carrie | Cilantro |
| Melon, Mary | Melon |
| Banana, Bruce | Banana |
| Lettuce, Lola | Lettuce |
| Lime, Larry | Lime |
| Melon, Mary | Melon |

## 3. Recommended Charts

कई बार यूज़र अपने डेटा के लिए सर्वश्रेष्ठ Chart type नहीं चुन पाते हैं। Recommended Charts सुविधा के साथ, एक्सेल चयनित डेटा के लिए सुझाए गए चार्ट प्रकारों का संग्रह प्रदर्शित करता है। आप चार्ट को सिलेक्ट करने से पहले उसका प्रीव्यू भी देख सकते है की आपका डेटा अलग-अलग चार्टों में कैसा दिखेंगा





**4. New Charting Tools**

Recommended Charts सुविधा के अतिरिक्त, एक्सेल 2013 में चार्ट विकल्पों को सरल बनाने के लिए चार्ट टूल्स रिबन के साथ एक नया रूप दिया गया है। एक्सेल 2013 में आइकन का एक सेट चार्ट के ऊपरी दाएं किनारे के बाहर दिखाई देता है। additional chart formatting options को प्रकट करने के लिए किसी भी Chart element बटन, चार्ट स्टाइल या चार्ट फ़िल्टर पर क्लिक करें। या किसी भी चार्ट को सिलेक्ट करके उस पर राइट-क्लिक करें, और पॉप-अप मेनू से Format ऑप्शन चुनें।

**5. Instant Data Analysis**

Quick Analysis tool नए और अनुभवी एक्सेल उपयोगकर्ताओं को सही तरीकों से डेटा दिखाने के विकल्प खोजने में मदद करता है। बस उस डेटा का चयन करें जिसे आप Analysis करना चाहते हैं और उसके बाद अपने चयनित डेटा के निचले दाएं भाग में दिखाई देने वाले Quick Analysis button पर क्लिक करें (या [Ctrl] + Q दबाएं)।

conditional formatting, Sparklines, tables or charts के लिए अपने डेटा का preview देखे और अपनी पसंद को क्लिक करे|




**6. Instant Answers with PivotTables**

एक्सेल पिवोट टेबल्स आपके डेटा के बारे में सवालों का विश्लेषण, संक्षेप और उत्तर देने के लिए एक शक्तिशाली टूल हैं जिन यूजर्स के लिए पिवोट टेबल बनाना मुश्किल लगता है। उनके लिए Recommended PivotTables विकल्प बहुत अच्छा है आप केवल एक क्लिक के साथ एक सही पिवोटटेबल बना सकते हैं।

**7. Expanded Slicers**


स्लाइसर को पहली बार एक्सेल 2010 में पिवोटटेबल डेटा फ़िल्टर करने के लिए एक इंटरैक्टिव तरीके के रूप में पेश किया गया था। अब एक्सेल 2013 में, स्लाइसर एक्सेल टेबल, क्वेरी टेबल और अन्य डेटा टेबल में डेटा भी फ़िल्टर कर सकते हैं। सेट अप करने और उपयोग करने में आसान, स्लाइसर वर्तमान फ़िल्टर दिखाते हैं ताकि आप स्पष्ट रूप से जान सकें कि आप कौन सा डेटा देख रहे हैं।

**8. Timelines**

एक टाइमलाइन आपको पिवोट टेबल में रिकॉर्ड फ़िल्टर करने देती है-यह एक स्लाइसर के समान काम करती है लेकिन आप date से फ़िल्टर कर सकते हैं| पिवोट टेबल बनाने के बाद, टाइमलाइन जोड़ना सरल है। सबसे पहले, पिवोटटेबल का चयन करें और फिर contextual Analyze tab चुनें। फ़िल्टर समूह से, insert timeline पर क्लिक करें। डायलॉग बॉक्स से, उस date field को चेक करें जिसका आप उपयोग करना चाहते हैं और टाइमलाइन को पिवोटटेबल के साथ एम्बेडेड करे| टाइमलाइन का उपयोग करने के लिए, स्क्रॉल बार खींचें या समय वृद्धि के साथ अपने डेटा को फ़िल्टर करने के लिए टाइल पर क्लिक करें।

**9. Power View**

पावर व्यू का उपयोग अक्सर बाहरी डेटा स्रोतों से लाए गए डेटा की बड़ी मात्रा का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। इसे आज़माने के लिए, अपना डेटा चुनें और insert> Power view चुनें।




## 10. One Workbook, One Window

एक नई सुविधा यह है कि अब प्रत्येक एक्सेल 2013 workbook की अपनी एक अलग विंडो होगी यह सुधार दो वर्कबुक पर एक साथ काम करना आसान बनाता है, खासकर जब आप दो मॉनीटर का उपयोग कर रहे होते हैं।

